<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- महाकुंभ में स्नान करने वालों की संख्या पहुंची दस करोड़ के पार। मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये पूर्वोत्तर रेलवे चलायेगा एक सौ अस्सी से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें।
- महाकुंभ में आकर्षण का केन्द्र बनी सूचना और प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रदर्शनी। मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने आकाशवाणी और दूरदर्शन के कैम्प कार्यालय सहित प्रदर्शनी स्थल का किया दौरा।
- आज प्रदेश भर में मनाया जा रहा है उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस। लखनऊ में आयोजित समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़। समारोह में छः लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान।
- कल मनाया जायेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस। लखनऊ में राज्य स्तरीय वॉकथॉन का हुआ आयोजन।

**********

मानवता के सबसे बड़े समागम महाकुंभ में कल लगभग छियालीस लाख श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगायी, जिसके साथ ही अब तक स्नान करने वालों की संख्या दस करोड़ को पार कर गयी है। पिछले कुंभ दो हजार उन्नीस में तेइस जनवरी तक लगभग पांच करोड़ दस लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी थी। इस महाकुंभ में नया रिकार्ड बनेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए यूपी जल निगम ने मेला क्षेत्र में 200 वाटर एटीएम लगाए हैं, जो श्रद्धालुओं को मुफ्त में शुद्ध पानी उपलब्ध करवा रहे हैं।

***महाकुम्भ में हर दिन लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए मेला क्षेत्रमें 200 वाटर एटीएम लगाए गये हैं। येवाटर एटीएम पूरे मेला क्षेत्र के अलग–अलग सेक्टर और मंदिरों के पास लगाए गये हैं। इनवाटर एटीएम से प्रतिदिन 12 से 15 हजारलीटर पानी श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है। मकर संक्राति के स्नान पर लगभगवाटर एटीएम से 46 हजार लीटर पानी उपलब्ध करवाया गया था। वहीं,मौनी अमावस्या पर भी 10 करोड़ लोगों के आने की संभावना को देखते हुए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, महाकुंभ नगर प्रयागराज।***

उधर, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल कल प्रयागराज महाकुंभ में परमार्थ निकेतन शिविर में आयोजित मोरारी बापू जी की मानस कथा में शामिल हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल ने संतों का अभिनंदन किया। उन्होंने 9 से 14 वर्ष की बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण कराने का आह्वान किया और स्वच्छता कर्मियों की सेवा की सराहना की।

**********

मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने सत्ताइस से इकतीस जनवरी के मध्य एक सौ अस्सी से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने की निर्णय किया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये प्रयागराज, रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर अस्सी यूटीएस काउंटर और बीस से अधिक ऑटोमेटिक टिकट वैंडिंग मशीन–एटीवीएम भी संचालित किये जायेंगे।

वहीं, प्रयागराज रेलवे डिवीजन भी मौनी अमावस्या के अवसर पर करीब एक सौ पचास मेला स्पेशल ट्रेन चलाएगा। यह विशेष रेलगाडियां प्रयागराज के सभी नौ स्टेशनों से चलाई जाएंगी, ताकि श्रृद्धालु सुगमता से यात्रा कर सकें। महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों की जानकारी रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी उपलब्ध है।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने कल प्रयागराज महाकुंभ नगर के सेक्टर–चार स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन कैंप कार्यालय का दौरा किया । उन्होंने महाकुंभ दो हजार पच्चीस की कवरेज के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। संवाददाताओं से बातचीत में श्री जाजू ने कहा कि प्रसार भारती ने महाकुंभ की व्यापक कवरेज और विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के प्रसार के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

***महाकुंभ के लिए स्पेशल एफएम रेडियो चौनल चलाई न केवल एफएम पर चल रही है पर यहां के पब्लिक ऐडरेस सिस्टम पर भी चल रही है। जिससे श्रद्धालुओं को न केवल कुंभ से संबंधित व्यवस्थाओं का ज्ञान मिल रहा है और उसी के साथ–साथ कुंभ से संबंधित रोचक तथ्यों को भी प्रसार भारती और दोनों दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से श्रद्धालुओं का इसका ज्ञान मिल रहा है।***

श्री जाजू ने महाकुंभ नगर क्षेत्र में स्थित सूचना और प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रदर्शनी सहित केन्द्र सरकार द्वारा लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनियों का भी दौरा किया। डिजिटल प्रदर्शनी पर एक खास रिपोर्ट–

***सूचना और प्रसारण मंत्रालय के डिजिटल प्रदर्शनी जनभागीदारी से जनकल्याण विषय पर आधारित है। इसमें पिछले एक दशक में केंद्र सरकार की उपलब्धियां कार्यक्रमों नीतियों और योजनाओं को दर्शाया गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री जनआरोग्य***

*योजना, नमो ड्रोन दीदी, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्किल इंडिया, एक भारत–श्रेष्ठ भारत और उज्ज्वला योजना जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। यह प्रदर्शिनी अगले महीने की 26 तारीख तक चलेगी और इसमें प्रवेश निशुल्क है। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव श्री जाजू ने परेड ग्राउंड स्थित मीडिया सेंटर का भी निरीक्षण किया।

**********

गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली प्रदेश की झांकी इस बार महाकुम्भ पर आधारित होगी। वहीं इस बार गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 11 युवा स्वयंसेवकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

**********

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आज से छब्बीस जनवरी तक प्रदेश भर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी कड़ी में लखनऊ में आयोजित समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज छः लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान करेंगे। यह सम्मान वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के हिमांशु गुप्ता, कानपुर के मनीष वर्मा, बहराइच के डॉ जय सिंह, बुलंदशहर की कृष्णा यादव और कर्नल सुभाष देशवाल को मिलेगा। छब्बीस जनवरी तक चलने वाले समारोह के तहत आज उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, कल राष्ट्रीय पर्यटन दिवस और मतदाता जागरूकता दिवस जबकि छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन होगा। संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस–2025 की थीम– '**विकास और विरासत, प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश**' रखी गई है।

***इस कार्यक्रम में दो हज़ार पच्चीस में इस ने विकास और विरासत की प्रगति के पद पर उत्तर प्रदेश इस थीम पर इस कार्यक्रम को मनाने का निर्णय लिया है। सरकार इस थीम पर मना रही है और ये बहुत ही गौरवपूर्ण शहर है महाकुंभ के आयोजन के इस बीच में ही। इस वर्ष पड़ा है जहां एक ओर दुनिया का सबसे बड़ा अंगूठाआध्यात्मिक सांस्कृतिक धरोहर का ये कार्यक्रम चल रहा है। उसी के बीच में ये कार्यक्रम होने वाला है और इसमें इस बार हमारे उपराष्ट्रपति आदरीय जगदीश धनखड़ जी सपत्नी के इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।***

**********

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के नेतृत्व में लखनऊ में राज्य स्तरीय वॉकथॉन का आयोजन किया गया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित इस वॉकथॉन में मंडलायुक्त डा .रौशन जैकब, जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह समेत कई प्रशासनिक अधिकारी, एनएसएस, भारत स्काउट गाइड और स्कूली छात्र–छात्राएं शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि वॉकथॉन का उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना है।

**********

लखनऊ के बीबीडी थानाक्षेत्र में किसान पथ पर कल देर शाम ट्रक और दो गाड़ियों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये। लखनऊ के पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि ट्रक ने दो गाड़ियों को टक्कर मार दिया। इससे एक गाड़ी में सवार नौ लोगों में से एक व्यक्ति की, जबकि दूसरी गाड़ी में सवार चार लोगों में से तीन की मृत्यु हो गई।

**********